## न्यूज डायरी



### अमेरिका में कोरोना का विस्फोट, 6 करोड़ से ज्यादा लोग हुए प्रभावित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिका कोरोना वायरस के दंश को तो झेल ही रहा था कि नए वैरिएंट ओमिक्रोन ने भी देश में दस्तक दे दी है। अमेरिका में नवीनतम कोरोना वायरस के आंकड़े सोमवार तक 6 करोड़ से ज्यादा हो चुके हैं। जो वैश्विक कोरोना संख्या का लगभग 20 फीसद है। बता दें, दुनिया में कोरोना वायरस से सबसे ज्यादा प्रभावित देश अमेरिका है, वहीं दूसरे नंबर पर भारत का नाम आता है। पूरी दुनिया कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रोन के कारण एक नई लहर का सामना कर रही है। वर्तमान में सबसे बुरी तरह से प्रभावित अमेरिका में सोमवार तक 6 करोड़ से ज्यादा मामले सामने आए हैं। यूनिवर्सिटी के सेंटर फार सिस्टम साइंस एंड इंजीनियरिंग (सीएसएसई) ने सोमवार सुबह अपने नए अपडेट में बताया कि देश में कुल कोरोना वायरस मामलों की संख्या बढ़कर 60,072,321 पहुंच गई है।

### तानाशाह किम जोंग उन की रहस्यमय पत्नी का खुलासा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** प्योंगयांग। उत्तर कोरियाई तानाशाह किम जोंग उन के साथ अक्सर नजर आने वाली उनकी रहस्यमय पत्नी के बारे में खुलासा हो गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक किम जोंग उन की पत्नी री सोल जू उत्तर कोरिया के संभ्रांत परिवार से आती हैं। तानाशाह किम जोंग उन से शादी से पहले री सोल जू एक चर्चित चीयरलीडर थीं। री सोल जू साल 2005 में दक्षिण कोरिया में हुए एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में चीयरलीडर टीम का हिस्सा थीं। यही नहीं री सोल जब करीब 20 साल की थीं, तब वह उत्तर कोरिया के ओलंपिक चीयरलीडर टीम का हिस्सा थीं। खबरों के मुताबिक री सोल अभी करीब 30 साल की हैं और उनके तीन बच्चे हैं। वह गायिका भी रह चुकी हैं। यह खुलासा ऐसे समय पर हुआ है जब तानाशाह किम जोंग उन ने अपने शासनकाल के 10 साल पूरे होने और 38वें जन्मदिन पर जश्न मनाया था। वह शिल्पकला की पढ़ाई के लिए चीन भी गई थीं।

### नाइजीरिया में 6 महीनों बाद रिहा 30 छात्र और एक शिक्षक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लागोस। उत्तर पश्चिमी नाइजीरिया के केब्बी राज्य में बंदूकधारियों द्वारा एक स्कूल पर हमले के दौरान बंधक बनाए 30 छात्रों और एक शिक्षक को आजादी मिल गई है। राज्य के एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जून 2021 में स्कूल पर हमला करके इनका अपहरण कर लिया गया था। केब्बी राज्य के गवर्नर के प्रवक्ता याहया सरकी ने एक बयान में कहा कि राज्य के बिरनिन याउरी क्षेत्र के फेडरल गवर्नमेंट कालेज के 30 छात्र और शिक्षक शनिवार को रिहाई के बाद राज्य की राजधानी बिरिनिन केब्बी में पहुंचे। सरकी ने कहा कि रिहाई के बाद अपने परिवार से मिलने के दौरान छात्रों और शिक्षक को मेडिकल जांच करवानी होगी। आपको बता दें कि 17 जून 2021 को अज्ञात बंदूकधारियों के एक समूह ने स्कूल पर हमला किया था।

### कपल ने कब्रिस्तान में करवाया खौफनाक प्री–वेडिंग फोटोशूट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बैंकॉक। शादी से पहले कपल आजकल प्री–वेडिंग फोटोशूट करवाते हैं, जिसमें खूबसूरत लोकेशन और आकर्षक थीम का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन एक कपल ने अपना अजीबोगरीब प्री–वेडिंग शूट करवाया जिसे देखकर सभी हैरान हो गए। कपल के फोटोशूट की थीम "अंतिम संस्कार" थी जिसमें पोज देने के लिए वे ताबूत के अंदर लेटे हुए नजर आए। 32 साल के थाई ग्राफिक्स डिजाइनर नॉन्स कोंगचॉ और उनकी गर्लफ्रेंड की तस्वीरें पिछले गुरुवार से हजारों बार शेयर की जा चुकी हैं। तस्वीरों में नॉन्स को अपनी गर्लफ्रेंड के साथ एक कब्रिस्तान में सिल्वर सूट पहनकर अलग–अलग जगह पोज देते हुए देखा जा सकता है। उनकी गर्लफ्रेंड ने एक सफेद रंग का वेडिंग गाउन पहन रखा था। एक तस्वीर में कपल एक कब्र के पास नजर आ रहा है जिसके खंभे पर लिखा है, मैरी मी।

# इमरान खान ने उगला जहर मुस्लिमों के नरसंहार पर मोदी चुप

## इमरान खान ने पीएम मोदी पर बोला जुबानी हमला

निशाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। हिंदुओं और ईसाइयों के खिलाफ लगातार हो रहे हमलों को रोकने में नाकाम पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने भारत के अल्पसंख्यकों खासकर मुस्लिमों को लेकर ज्ञान दिया है। इमरान खान ने सोमवार को कहा कि मोदी सरकार ने दिसंबर महीने में हुई अतिवादी हिंदुओं की बैठक में अल्पसंख्यकों खासकर 20 करोड़ मुस्लिमों के नरसंहार के आह्वान पर चुप्पी साध रखी है। उन्होंने कहा कि इससे यह सवाल उठता है कि क्या बीजेपी सरकार अतिवादियों के इस आह्वान का समर्थन करती है।

इमरान खान ने अपने ट्वीट में अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस ध्यान देने और मोदी सरकार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पाकिस्तानी पीएम ने कहा, बीजेपी मोदी सरकार की कट्टरपंथी विचारधारा के तहत भारत में सभी धार्मिक अल्पसंख्यकों को हिंदूवादी गुटों द्वारा निशाना बनाया



गया है। मोदी सरकार का कट्टरपंथी अजेंडा वास्तविक है और हमारे क्षेत्र की शांति के लिए खतरा पैदा कर दिया है।

अभी हाल ही में इमरान खान ने पीएम मोदी के कई जहरीले बयान दिए थे। इमरान खान ने कहा था कि कश्मीर में संयुक्त राष्ट्र की निगरानी में जनमत संग्रह कराने का संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का वादा अभी तक पूरा नहीं हुआ है। पाकिस्तानी पीएम ने आरोप लगाया कि हिंदुओं का समर्थन करने वाली मोदी सरकार ढिठाई से सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन कर रही है और कश्मीर में जनसंख्या को बदलने का प्रयास कर रही है।

इमरान खान ने ट्वीट करके कहा कि मोदी सरकार अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों और अंतरराष्ट्रीय समझौतों का उल्लंघन कर रही है। मोदी सरकार ने कश्मीर का दर्जा बदलकर और जनसंख्या को बदलने का प्रयास करके युद्ध अपराध किया है। पाकिस्तानी पीएम ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय खासकर संयुक्त राष्ट्र से मांग की कि कश्मीर में युद्ध अपराध के लिए भारत के खिलाफ मुकदमा चलाया जाए। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान कश्मीरी लोगों के आत्मनिर्णय के लिए जारी संघर्ष में पूरी निष्ठा के साथ खड़ा है।

**पाक में हिंदुओं के मंदिर तोड़े जा रहे, ईसाइयों पर अत्याचारः** पाकिस्तान पीएम ने यह ज्ञान ऐसे समय पर दिया है जब खुद उनके देश में हिंदुओं के मंदिर तोड़े जा रहे हैं और ईसाइयों पर अत्याचार लगातार जारी है। हालत यह है कि पाकिस्तान में हिंदुओं को संस्थागत भेदभाव का सामना करना पड़ता है। घर खरीदने से लेकर नौकरी पाने तक, यहां तक कि सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाने तक के लिए उन्हें कहीं ज्यादा मशक्कत करनी पड़ती है। अब वे धर्म परिवर्तन कर बहुसंख्यकों में शामिल होने को ही समाधान मानने लगे हैं ताकि अत्याचार और हिंसा से बच सकें। हिंदू नेताओं का कहना है कि आर्थिक हालात भी उन्हें ऐसा करने पर मजबूर करते हैं। आशंका है कि पाक में 1.8 करोड़ लोगों की नौकरी जा सकती है।

## आस्ट्रेलिया में कोरोना के मामले दस लाख के पार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिडनी। आस्ट्रेलिया में कोरोना वायरस के मामलों की संख्या दिन–ब–दिन बढ़ती जा रही है। वायरस के मामलों में हर नए दिन भारी उछाल आ रहा है। दैनिक मामलों में लगातार हो रही बढ़ोतरी से अस्पतालों और जांच केंद्रों पर दबाव बढ़ता जा रहा है। वहीं कोरोना वायरस का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। देश में वायरस का नया वैरिएंट ओमिक्रोन भी अपने चरम पर है। प्रधान मंत्री स्काट मारिसन ने सोमवार को कहा कि वायरस के मामले 10 लाख के पार हो गए हैं, जो पिछले सप्ताह की तुलना में आधे से अधिक है।

लगातार मामलों में हो रही वृद्धि से स्वास्थ्य प्रणाली पर दबाव गहराता जा रहा है।

आपको बता दें कि मामले इतने बढ़ गए हैं की वायरस की परीक्षण सुविधाएं भी चरमरा गई हैं। हालांकि सख्त लाकडाउन और कड़े सीमा नियंत्रण से पहली महामारी में संक्रमण पर कंट्रोल किया गया था। वहीं आस्ट्रेलिया अब उच्च टीकाकरण दरों के बाद भी वायरस के साथ अपने प्रयास में रिकार्ड संक्रमण से जूझ रहा है। अस्पतालों में भर्ती लोगों की संख्या बढ़ती ही जा रही है, जो महामारी का एक नया शिखर बन गई है। वहीं देश बढ़ते मामलों के कारण कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है।



पाकिस्तान में बर्फीले तूफान का कहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने बर्फबारी से प्रभावित मुर्री में वाहनों में फंसे 23 लोगों की मौत के बाद आखिरकार सरकार जाग गई है और जांच के लिए एक समिति का गठन कर दिया है। जियो न्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार, सदस्यों के नामों को अंतिम रूप दिए जाने के बाद एक अधिसूचना जारी की गई थी, जिसके अनुसार अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह जफर नसरुल्ला को संयोजक नियुक्त किया गया है। प्रांतीय सचिव अली सरफराज और असद गिलानी को समिति का सदस्य बनाया गया है।

# म्यांमार की अदालत का एक और क्रूर फैसला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बैंकॉक। म्यांमार की एक अदालत ने अपदस्थ नेता आंग सान सू ची को अवैध रूप से वॉकी–टॉकी आयात करने, रखने और कोरोना वायरस संबंधी पाबंदियों का उल्लंघन करने के लिए दोषी पाए जाने के बाद सोमवार को चार और साल कैद की सजा सुनाई। एक विधि अधिकारी ने यह जानकारी दी। सू ची को पिछले महीने दो अन्य मामलों में दोषी ठहराया गया था और चार साल की जेल की सजा दी गई थी, जिसे बाद में देश की सैन्य सरकार के प्रमुख ने आधा कर दिया था।

सेना द्वारा पिछले साल फरवरी

**आंग सान सू ची पर कार्रवाई से परेशान भारत**

में म्यांमा में सू ची की सरकार को बेदखल करने और सत्ता की बागडौर अपने हाथ में लेने के बाद से 76 वर्षीय नोबेल शांति पुरस्कार विजेता के खिलाफ दायर किए गए लगभग एक दर्जन मामलों में ये मामले भी शामिल हैं।

सू ची के समर्थकों का कहना है कि उनके खिलाफ आरोप सेना के कार्यों को वैध बनाने और उन्हें राजनीति में लौटने से रोकने के लिए लगाए गए हैं। पिछले महीने आंग सान सू ची को सजा सुनाए जाने के बाद भारत ने कहा था कि वह म्यांमार की अपदस्थ नेता आंग सान सू ची और अन्य से संबंधित हालिया फैसलों से "परेशान" है। साथ ही, कहा कि कानून का शासन और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बरकरार रखा जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था कि हम हाल के फैसलों से परेशान हैं। पड़ोसी लोकतंत्र के रूप में भारत म्यांमार में लोकतांत्रिक परिवर्तन का लगातार समर्थन करता रहा है। उन्होंने कहा, "हमारा मानना है कि कानून के शासन और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बरकरार रखा जाना चाहिए। कोई भी घटनाक्रम जो इन प्रक्रियाओं को कमजोर करता है और मतभेदों को बढ़ाता है, वह गहरी चिंता का विषय है।

### ब्रिटेन में मिला 18 करोड़ साल पुराने समुद्री ड्रैगन का दैत्याकार कंकाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ब्रिटेन में डायनासोर की तलाश करने वाले वैज्ञानिकों को मिडलैंड इलाके में 18 करोड़ साल पुराने समुद्री ड्रैगन का कंकाल मिला है। इस खोज को ब्रिटेन के इतिहास में मिले सबसे महान जीवाश्मों की खोज में से एक माना जा रहा है। इचथ्योसॉर या मीनसरीसृप की इस खोज से ब्रिटिश वैज्ञानिक बेहद खुश हैं। यह समुद्री ड्रैगन डॉल्फिन की तरह से दिखता है और 30 फुट लंबा है। इसकी खोपड़ी ही 1 टन की है। द सन की रिपोर्ट के मुताबिक यह ब्रिटेन में मिला अपनी तरह का सबसे विशाल और अपनी तरह का पूर्ण जीवाश्म है। इस जीवाश्म की खोज जोइ डेविस ने फरवरी 2021 में की थी। रुटलैंड के पानी के पास मिला यह सी ड्रैगन करीब 82 फुट तक हो सकता था। इचथ्योसॉर को सी ड्रैगन इसलिए कहा जाता था क्योंकि उनके दांत और आंखें बहुत बड़ी–बड़ी होती थीं। सबसे पहले इचथ्योसॉर की खोज 19वीं सदी में जीवाश्म विज्ञानी मैरी अन्नीइंग ने की थी।